# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र. / परीक्षा / 2025 / 1835 दिनांक : 5/12/2025.

## –:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में संचालित एम.ए. (एज्यूकेशन) पाठ्यक्रम सत्र 2025–2026 के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित / एटीकेटी / पूर्व छात्रों के परीक्षाओं के आवेदन पत्र सम्बन्धित अध्ययनशाला में एम. पी. ऑनलाईन के माध्यम से जमा करवाये जाने हेतु तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती है :–

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा** आवेदन पत्र

"दिनांक 10 दिसम्बर 2025 से 17 दिसम्बर 2025 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"दिनांक 18 दिसम्बर 2025 से 19 दिसम्बर 2025 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 20 दिसम्बर 2025 से 22 दिसम्बर 2025 तक"

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 23 दिसम्बर 2025 से परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक"

**परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा–निर्देश –**

01) विभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष, संबंधित अध्ययनशाला की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित अध्ययनशाला का होगा।

02) विभागाध्यक्ष संबंधित अध्ययनशाला के परीक्षा आवेदन पत्र के परीक्षार्थी से ऑनलाइन के माध्यम से जमा करायेगें परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क एवं अग्रेषण शुल्क भी परीक्षा आवेदन के साथ ही परीक्षार्थी को ऑनलाइन जमा कराना होगा।परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ

3 **विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क 250/– एवं अग्रेषण शुल्क में से 20/– प्रति छात्र कुल शुल्क रूपये 270/– तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क 200/– एवं अग्रेषण शुल्क 20/– सहित रूपये 220/–परीक्षा फीस के साथ विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाइन जमा करेंगे।**

04) समस्त परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क, संचालन शुल्क एवं अग्रेषण शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।

05) संबंधित विभागाध्यक्ष / निदेशक परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **तीन (03) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें।

आदेशानुसार,

MC

परीक्षा नियंत्रक

47

क्रमांक / परीक्षा / 2025 / दिनांक :

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –**

01. निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य संबंधित संस्थान / उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन हैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान / अध्ययनशाला / महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलगुरूजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक / मीडिया प्रभारी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन। की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय / पूछताछ कार्यालय, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा / गोपनीय विभाग, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैनं।
09. संपादक / प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .......... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

04